तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 11 दिसंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 ई रिक्शा व सार्वजनिक स्थानो में पोस्टर चस्पा कर किया ...

10 नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी बेमियादी...


## खबर संक्षेप



### बनिया में गीता जयंती आज मनाई जाएगी

**थानखम्हरिया।** ग्राम बनिया स्थित श्री शिव शक्ति विद्या धाम मंदिर परिसर में आज गीता जयंती पर्व का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा। यह कार्यक्रम सनातन धर्म की परंपराओं और श्रद्धा को समर्पित होगा। आयोजन की शुरुआत प्रातः 11:00 बजे पूजन, पाठ, जप और भजन-कीर्तन से होगी। इसके पश्चात भव्य आरती और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए ग्रामवासियों और क्षेत्रवासियों को सपरिवार शामिल होने का निमंत्रण दिया गया है। आचार्य राजेश्वर प्रसाद तिवारी ने बताया कि सनातन धर्म में एकादशी व्रत और गीता जयंती का विशेष महत्व है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण और भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना से सुख-शांति प्राप्त होती है और रुके हुए कार्य पूरे होते हैं। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए शिक्षक नरेंद्र सिंह परमार ने कहा कि यह आयोजन धर्म और संस्कृति के प्रति समर्पण का प्रतीक है। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### लापरवाह 90 वाहन चालकों पर कार्रवाई



**बेमेतरा।** जिले में पुलिस प्रशासन ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 90 वाहन चालकों पर कार्रवाई की है। जिसमें से 48 प्रकरण में 13,200 रूपये समन शुल्क वसूला गया एवं 42 प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया है। साथ ही माईनर एक्ट के तहत 02 व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई है। आम जगह पर शराब सेवन करने एवं शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले 03 आरोपियों के विरूद्ध भी आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई हुई है। सोमवार को थाना बेमेतरा 5 चालान में 05 व्यक्ति, थाना नवागढ 2 चालान में 2 व्यक्ति, थाना खम्हरिया 16 चालान में 16 व्यक्ति, थाना चंदनू 02 चालान में 02 व्यक्ति, पुलिस चौकी मारो 05 चालान में 05 व्यक्ति, पुलिस चौकी खण्डसरा 04 चालान में 04 व्यक्ति, पुलिस चौकी संबलपुर 05 चालान में 05 व्यक्ति, पुलिस चौकी देवरबीजा 30 चालान में 30 व्यक्ति, यातायात बेमेतरा 21 प्रकरण में 21 व्यक्ति के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई किया गया।

# धान खरीदी सुचारू रूप से जारी रखें, संग्रहित धान का उठाव तेजी से करें : कलेक्टर

## राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रणबीर शर्मा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में सभी जिला अधिकारीयों कि साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक लेकर कलेक्टर ने विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लेकर समय पर कार्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने राज्य शासन के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुरूप 9 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक विविध कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विभागों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों से संबंधित सम्मेलन, सम्मान समारोह और विविध आयोजन के लिए कार्ययोजना बनाने के लिए कहा है। इसके लिए उन्होंने जन जागरूकता अभियान जैसे विभिन्न सरकारी योजनाओं, जैसे कि स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, कृषि, और रोजगार से संबंधित जानकारी का प्रचार-प्रसार। लोक कल्याण शिविर के माध्यम से लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विशेष आयोजन, जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण, भूमि-पट्टा वितरण आदि कार्यक्रम का आयोजन करने, राज्य की सांस्कृतिक धरोहर और विकास को ▶▶| शेष पेज 11 पर

- आचार संहिता लगने के पहले नए कार्यों को करें स्वीकृत



### लंबित प्रकरणों का तेजी से निराकरण करें

कलेक्टर ने सुनिश्चित किया कि योजना के तहत आवास निर्माण कार्य समय पर पूरा हो और लाभार्थियों को समय पर धनराशि प्राप्त हो। इसके अलावा किसान सम्मान निधि, ई-केवायसी, आधार सीडिंग, लैंड सीडिंग की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए है। राशनकार्डधारी सदस्यों के ई-केवाईसी की अद्यतन स्थिति, पीडीएस बारदाना संकलन आदि की जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर द्वारा लोक सेवा गारंटी के लंबित प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने ई-श्रम पोर्टल में श्रमिकों की एंट्री, पेंशन प्रकरण, जल जीवन मिशन के कार्य आदि की भी जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। मत्स्य पालन विभाग, पशु चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए।

**मांग :** तीन सूत्रीय मांगों को पूरा कराने कर रहे हैं आंदोलन

# निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल जारी, एक सप्ताह बीता, कामकाज ढप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश नगरीय निकाय कर्मचारी महासंघ के बैनर तले नगर पालिका में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पूरा एक सप्ताह हो चुका है। अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी हडताल पर हैं। जिससे नगर पालिका में कामकाज जहां प्रभावित हो गया है। वहीं शहर के कई इलाकों में कचरे का ढेर लग गया है।

- ठेका प्रथा भी समाप्त करने की मांग

दरअसल नगरीय निकायों से ठेका प्रथा समाप्त कर निकाय में कर्मचारियों का समायोजन करते हुए शासन के अन्य विभागों की तर्ज पर निकायों से सीधे वेतन का भुगतान करने, केन्द्रीय मजदूरी दर पर वेतन वृद्धि करने और हड़ताल अवधि में किसी भी प्लेसमेंट कर्मचारी को कार्य से पृथक नहीं किए जाने की तीन सूत्रीय मांग को लेकर पालिका के प्लेसमेंट कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। नगर पालिका में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों ने शहर के तहसील कार्यालय के समीप अपने आंदोलन की शुरूआत की है और यहां अनिश्चितकालीन हड़ताल करते उन्होंने सरकार से अपनी मांगे पूरी करने के लिए आवाज बुलंद कर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन कर रहे हैं ।\\/"कई वर्षों से अपनी इन मांगों को लेकर सरकार से गुहार लगा रहे है।




### मांगों को गंभीरता से नहीं ले रही है सरकार

छत्तीसगढ़ नगरी निकाय कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष राजेश पवार ने कहा कि कई वर्षों से अपनी इन मांगों को लेकर कर्मचारी सरकार से गुहार लगा रहे है, लेकिन अब तक उनकी मांगे पूरी नहीं की गई है। जिसके चलते उन्हें अनिश्चितकालीन हड़ताल करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा हमारी मांगों को गंभीरता से नहीं लेने के कारण महासंघ द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि समस्त नगरीय निकायों के समस्त प्लेसमेंट कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहें।

# प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

मंगलवार की सुबह ईमली के पेड़ पर युवक एवं युवती की फंदे पर लटकती लाश देखकर नवागढ़ नगर में सनसनी फैल गई। दरअसल नगर के मंडी पारा वार्ड 1 में प्रेमी जोड़े ने दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों की लाश एक ही पेड़ पर फंदे से लटकी हुई मिली। इसमें लड़की की मांग में सिंदूर भरा हुआ दिख रहा था।

- प्रेमी ने प्रेमिका की सिंदूर से भरी थी मांग

परिजनों का कहना है कि लड़का-लड़की सोमवार की रात बिना किसी को बताए घर से मौका पाकर निकल गए थे। सुबह दोनों की मौत की खबर मिली। प्रेमी युगल की पहचान जयकिशन यादव 22 और कामिनी मेहर 19 के रूप में हुई है। दोनों वार्ड 1 मंडी में रहते थे। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दोनों के बीच काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। चूंकि दोनों अलग-अलग जाति से थे, इसलिए घरवाले इस बात का विरोध करते थे। करीब 1 माह पहले लड़की के घरवालों ने लड़की को उसकी बुआ के यहां रहने भेज दिया था और लड़की की शादी भी समाज में ही तय कर दी थी, कुछ दिनों में उसकी सगाई भी होने वाली थी। इसी बीच सोमवार की रात से लड़की अपने बुआ के घर से गायब थी, वहीं लड़का भी रात से घर नहीं आया था। अंदाजा लगाया जा रहा है कि लड़के ने ही वहां से लड़की को नवागढ़ लाया हो। तभी मंगलवार की तड़के सुबह स्थानीय लोगों ने दोनों को ईमली के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटके हुए देखा तो अफरातफरी मच गई और दोनों के परिजनों को सूचना दी गई।

मामले की जानकारी होते की नवागढ़ पुलिस मौके पहुंची। पुलिस ने परिजनों से भी पूछताछ की, जिसमें प्रेम प्रसंग की बात सामने आई है। पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोनों के शव को बरामद कर पीएम के लिए भेजा गया।

### होगी जांच

प्रारम्भिक तौर पर देखने में मामला प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या का लग रहा है, पोस्टमार्टम के बाद शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया। इस मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द ही घटना की सच्चाई का पता चल जाएगा।
**डीएस चंद्रवंशी, थाना प्रभारी, नवागढ़**

# पुलिस विभाग की कार्यशाला में दी सायबर ट्रेनिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा के सभा कक्ष में जिला के समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना व चौकी प्रभारी एवं सीसीटीएनएस आपरेटर की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इसमें समन्वय पोर्टल एवं साइबर पुलिस पोर्टल, सशक्त एप, वेब पोर्टल के संबंध में जानकारी दी। साइबर फ्रॉड होने पर साइबर पुलिस पोर्टल में किस प्रकार शिकायत दर्ज करना हैं उसके संबंध विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर पुलिस पोर्टल के महत्वपूर्ण जानकारियों को साझा किया गया। समस्त थाना व चौकी प्रभारियों एवं आपरेटरों को सशक्त एप के माध्यम से वाहनों के इंजन नंबर, चेचिस नंबर और पंजीयन नंबर मिलाया जाता है। अब इंजन, चेचिस और रजिस्ट्रेशन नंबर से तुरंत जांच कर तेजी से चोरी हुए वाहनों की पहचान की जा सकेगी। वरिष्ठ कार्यालयों से वेब पोर्टल के माध्यम से ऑन लाइन प्राप्त शिकायत की जानकारी लेकर जल्द से जल्द निराकरण करने, साथ ही नए कानूनों के लागू होने पर तकनीकी साक्ष्यों के संकलन के महत्व उनके संकलन करने के संबंध में निर्देशित किया गया। कार्यशाला में डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, उप संचालक अभियोजन कंचन पाटिल, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी कविता राव सहित थाना व चौकी प्रभारी, विवेचक सहित सीसीटीएनएस आपरेटर व अन्य स्टाफ शामिल रहें।

# धान खरीदी में अव्यवस्था, भड़की कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

प्रदेश सरकार के किसान विरोधी नितियों तथा धान बेचने में हो रही परेशानियों के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय आव्हान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी थान खम्हरिया की ओर से खरीदी केन्द्र में सुबह 10 से 12 बजे तक एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।

- प्रदेश सरकार के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन, लगाए कई आरोप

कांग्रेसियों ने सरकार के वादाखिलाफी व बोनस राशि नहीं देने पर साय सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस के पदाधिकारी व तहसील क्षेत्र के किसान उपस्थित थे। धान खरीदी केन्द्र में आयोजित धरना प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किसानों को धान विक्रय में हो रही असुविधा के लिए प्रदेश सरकार को कटघरे में खड़े किया। ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि पहले टोकन को लेकर किसान परेशान रहे सरकार के टोकन तुंहर हाथ पोर्टल के सर्वर डाऊन होने तथा बाद में बारदाने की किल्लत को लेकर किसान परेशान रहें। उन्होंने आरोप लगाया कि धान खरीदी के शुरूआती हफ्ते से ही व्यवस्था डगमगाती गयी, जो प्रदेश सरकार की नाकामी को उजागर करती है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मनहरण सिन्हा ने कहा कि प्रदेश सरकार बगैर तैयारी के धान खरीदी शुरू की, जिससे किसान परेशान रहे। प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के साथ वादाखिलाफी कर रही है। धान का समर्थन मूल्य तथा बोनस की राशि एकमुश्त देने के वादे से सरकार मुकर गयी। वर्तमान में समर्थन मूल्य की राशि ही दे रही है।



पूर्व एल्डरमैन फिरोज खान व सतीश जोशी ने कहा कि किसान रबी फसल के लिए खाद व बीज की समस्या से जूझते रहे। आज भी सोसायटियों में डीएपी खाद की भारी कमी देखी गयी है। कांग्रेसियों ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही चहूंओर अराजकता का माहौल है। हत्या, बलात्कार, लूट व चाकूबाजी आम हो गई है। खुद गृहमंत्री के क्षेत्र में आये दिन हत्या के मामले सामने आ रहे हैं, जो प्रदेश सरकार की विफलता को प्रदर्शित कर रहा है। इस प्रकार आज धान विक्रय में किसानों के साथ हो रही असुविधा तथा बोनस राशि एकमुश्त देने की मांग को लेकर कांग्रेस का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन संपन्न हुआ। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेन्द्र उपाध्याय, रोशन सिन्हा, मनहरण ▶▶| शेष पेज 11 पर

## चार दिवसीय आन्तरिक व्यक्तित्व विकास पर हुआ कार्यशाला

# विद्यार्थी जीवन की शिक्षा ही जीवन की दिशा तय करता है : ब्रह्माकुमारी शशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

चार दिवसीय आन्तरिक व्यक्तित्व विकास पर कार्यशाला शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुआ। समापन सत्र के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी ढुलली चंद चांडक, ब्रह्माकुमारी शशि बहन सेवा केंद्र प्रभारी बेमेतरा, छलेशवर साहू पूर्व प्रधान अध्यापक, पीताम्बर पटेल रहे।

इस कार्यशाला में 500 से भी अधिक छात्रों ने भाग लिया। इस दौरान श्री चांडक ने कहा वर्तमान समय में बच्चों में किसी भी प्रकार के तनाव से बचाव व अध्ययन में एकाग्रता के विकास के लिए राजयोग मैडिटेशन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज के समय में जब छोटी छोटी बातो में बच्चे नाराज हो जाते टेंशन में आ जाते है तो यह आध्यात्मिक ज्ञान जीवन में आने वाली परिस्थितियों से उबरने में मदद करता है। ब्रह्माकुमारीज द्वारा बच्चों की उन्नति को ध्यान में रखते हुए पूरे जिले के स्कूलों में अलग अलग स्थानों पर कार्यशाला आयोजित किये जा रहे हैं।

बच्चों को स्कूली पढ़ाई के साथ साथ नैतिकता के गुण अवश्य सीखने चाहिए। ब्रह्माकुमारीज का प्रयास सराहनीय है और मुझे विश्वास है कि इस कार्यशाला से बच्चे बहुत कुछ सीखकर जायेंगे।



### आवश्यकता अनुसार ही मोबाइल का प्रयोग करें

कार्यक्रम में नशा मुक्ति का सन्देश देते हुए सभी ने संकल्प लिया कि अपने जीवन में कोई भी नशा नहीं करने का तथा अपने परिवार, समाज, देश और विश्व को स्वस्थ खुशहाल कराने में सहयोग देंगे। मोबाईल का प्रयोग पढ़ाई में किस तरह से बाधक है, तो हमें इसका प्रयोग कम से कम करना चाहिए। सभी बच्चो ने संकल्प लिया आवश्यकता अनुसार ही मोबाइल का प्रयोग करेंगे। सभी अतिथियों शिक्षकगणों और छात्रों को शशि बहन ने वरदान कार्ड, पेन, चॉकलेट, ईश्वरीय सौगात दिया तथा मेडिटेशन, नैतिक मूल्यों का ज्ञान और खुश रहने के तौर तरीके सीखने के साथ /"आन्तरिक व्यक्तित्व विकास/" कार्यशाला का समापन हुआ।

### बच्चों के लिए आध्यात्मिकता की शिक्षा आवश्यक

पूर्व प्रधान अध्यापक छलेशवर साहू ने कहा कि वह स्वयं कई साल से निरंतर राजयोग का अभ्यास कर रहे हैं। यह कार्यशाला बहुत ही उद्देश्यपूर्ण और आवश्यकता के अनुरूप है, यह आज के समय की जरूरत है। यहां बच्चे बोलचाल व्यवहार और शालीनता सीख रहे हैं। आपसी सहयोग प्रेम से रहते हुए क्रोध पर नियंत्रण का महत्व समझाया गया। शशि बहन ने कहा कि आज बच्चों को स्कूली पढ़ाई के साथ साथ नैतिकता एवं आध्यात्मिकता की पढ़ाई की भी आवश्यकता है। इसी बात को ध्यान में रख कर आन्तरिक व्यक्तित्व विकास का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में मानसिक बौद्धिक और आध्यात्मिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। मानसिक स्थिति श्रेष्ठ और विचार शुद्ध बने शरीर स्वस्थ और शक्तिशाली बने इसी को ध्यान में रख कर योग ध्यान, ज्ञान वर्धक कहानियां, एकग्रता, रचनात्मकता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया। साथ ही रोचक ज्ञानवर्धक मनोरंजन के खेलों को शामिल किया गया। बच्चों को राजयोग ध्यान के बारे में विस्तार से बताया साथ ही नैतिक मूल्यों पर आधारित प्रतियोगिता भी कराई गई।

### यात्रियों से भरी बस पलटी, चार हुए घायल

**गुरूर ।** धमतरी से जगदलपुर जा रही यात्रियों से भरी बस मोटर सायकिल को बचाने के प्रयास में मरकाटोला के पास पलट गई, जिसमें 4 यात्री घायल हो गए। घटना मंगलवार के दोपहर की बताई जा रही है, जब धमतरी से जगदलपुर जा रही यात्रियों से भरी महिन्द्रा कंपनी की बस सीजी 07 ई 1484 मरकाटोला मोड़ के पास बाइक चालक को बचाने के चक्कर में सड़क से नीचे पेड़ से टकराते हुए गाड़ी पलट गई, जिसके कारण बस में सवार 4 यात्री घायल हो गए तथा गाड़ी में सवार अन्य यात्री सुरक्षित है। बस पलटने की खबर इतनी तेजी से फैली कि घटना स्थल पर लोगों का हुजुम उमड़ गया तथा आते-जाते हर राहगीर घायलों की पूछ परख कर रहा था। वही बस में सवार कई यात्री अपने आप को सुरक्षित पाकर अपने परिजनों को फोन के माध्यम से जानकारी प्रदान करते दिख रहे थे।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### केंद्रों से धान का उठाव नहीं होने से बिगड़ी व्यवस्था

**रायपुर।** धान खरीदी केंद्र में धान का उठाव नहीं होने से व्यवस्था बिगड़ गई है। 75 प्रतिशत केंद्रों में बफर लिमिट से ज्यादा धान जाम है। सहकारी समिति कर्मचारियों ने बफर लिमिट से अधिक का टीओ जारी नहीं होने पर 10 दिसंबर से खरीदी बंद रखने का निर्णय लिया है और नोटिस चस्पा दिए हैं। इस संबंध में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने कहा कि, धान खरीदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है कोई भी सरकार आए धान खरीदी होगी ही कोई सरकार आए प्राथमिकता में रहेगी ही फिर भी वर्तमान सरकार बगैर तैयारी के धान खरीदी कर रहे है खरीदी प्रारंभ के पहले कोई व्यवस्था नहीं किया है, ये परिस्थितियों के लिए सरकार जिम्मेदार है।

### इंस्टाग्राम लाइक करने का झांसा देकर पौने आठ लाख की ठगी

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ इंस्टाग्राम पेज लाइक करने का झांसा देकर पौने आठ लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाज ने ठगी की घटना तीन से सात दिसंबर के बीच की है। जालसाज ने पीड़ित के साथ वाट्सएप कॉल के माध्यम से संपर्क कर ठगी का शिकार बनाया है। पुलिस के मुताबिक एक सीमेंट फैक्ट्री के मालिक न्यू शांतिनगर निवासी शिवेंद्र द्विवेदी ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। शिवेंद्र ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात व्यक्ति ने उसके पास वाट्सएप कॉल करने के बाद वाट्सएप में मैसेज भेजकर इंस्टाग्राम पेज लाइक करने पर घर बैठे इंकम होने का झांसा दिया। झांसा देने के बाद जालसाज ने शिवेंद्र के पास इंस्टाग्राम पेज का मैसेज भेजा। पेज लाइक करने पर जालसाज ने शिवेंद्र के अकाउंट में रुपए ट्रांसफर किया।

### 'गाय-धर्म और विज्ञान' पुस्तक का विमोचन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति द्वारा प्रकाशित "गाय - धर्म और विज्ञान" पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री को इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने बताया कि इस पुस्तक में गाय के धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व को बताया गया है। पूरे देश में 4 जनवरी 2025 को गौ-विज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश भर के लगभग सवा लाख स्कूली छात्र-छात्राएं सम्मिलित होंगे।

### रेडक्रास संरक्षक सहित आजीवन सदस्यों की सूची का प्रकाशन

**रायपुर।** जिला रेडक्रास सोसायटी संरक्षक, उपसंरक्षक एवं आजीवन सदस्यों की अंतिम सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। पिछले माह कलेक्टर गौरव सिंह की अध्यक्षता में जिला रेडक्रॉस सोसायटी की सामान्य सभा की बैठक में 15 सदस्यों का प्रबंध समिति गठन किया गया था। शेष 5 सदस्यों का चयन हेतु अंतिम सूची का प्रकाशन किया गया है। जिलाधीश परिसर के रेडक्रास कार्यालय और सीएमएचओ कार्यालय के सूचना पटल पर इसे चस्पा किया गया है। इस पर 13 दिसम्बर तक दावा आपत्ति मांगी गई है।

# सिस्टम एडवांस होने से डीएनए टेस्ट हुआ आसान, कई अनसुलझे मामले सुलझे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

गंभीर किस्म के अपराध सुलझाने के साथ महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलन करने डीएनए रिपोर्ट की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राज्य के फोरेंसिक लैब में गंभीर अपराध से जुड़े मामलों के रोजाना औसतन 15 से 20 डीएनए कलेक्शन किए जा रहे हैं।

सिस्टम अपडेट होने की वजह से वर्तमान में एक भी डीएनए का पेंडिंग मामला नहीं है। फोरेंसिक लैब के ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. टीएल चंद्रा के अनुसार पाक्सो मामले में डीएनए रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर सौंपी जा रही है। इसी तरह से गंभीर किस्म के अपराधों की डीएनए रिपोर्ट हर हाल में एक माह के भीतर सौंपी जा रही है। अफसर के अनुसार राज्य फोरेंसिक लैब में वर्तमान में ईडी, ईओडब्लू, सीबीआई द्वारा दर्ज अलग-अलग प्रकरणों से संबंधित इलेक्ट्रिक डिवाइस की भी जांच की गई है। जांच में मोबाइल, लैपटॉप तथा कम्प्यूटर के हार्ड डिस्क की फोरेंसिक जांच कर रिपोर्ट संबंधित एजेंसियों को सौंपी गई है। उनकी रिपोर्ट के आधार पर संबंधित जांच एजेंसियों ने भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी की है।

### अनसुलझे केस को सुलझाने में मिली मदद

अफसर के अनुसार डीएनए जांच करने का सिस्टम अपडेट होने की वजह से कई गंभीर अपराधों को सुलझाने में पुलिस को मदद मिली है। पेंड्रा में रेप हत्या के एक मामले में डीएनए साक्ष्य के आधार पर आरोपी की पहचान की गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।



- बेरला बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट में मारे गए मजदूरों की पहचान डीएनए से की गई थी
- औसतन नियमित 15 से 20 प्रकरण डीएनए जांच के लिए पहुंच रहे फोरेंसिक लैब

### डीएनए साक्ष्य के आधार पर मिली फांसी की सजा

उरला थाना क्षेत्र में चार साल के हर्ष का अपहरण कर टॉवेल में लपेटकर, पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने वाले हत्या के आरोपी पंचराम को कोर्ट ने डीएनए साक्ष्य के आधार पर हत्या की सजा सुनाई है। फोरेंसिक लैब के अफसर के मुताबिक बच्चे का शव पूरी तरह से जल गया था, जिसकी पहचान संभव नहीं थी। डीएनए के माध्यम से बच्चे की पहचान की गई। रिपोर्ट कोर्ट को सौंपी गई। इसके बाद कोर्ट ने डीएनए रिपोर्ट के आधार पर हत्या के आरोपी को मौत की सजा सुनाई।

### हत्या के सभी मामलों में डीएनए जांच

हत्या के आरोपी कानूनी दांव पेंच का सहारा लेकर संदेह का लाभ लेकर किसी तरह कोर्ट में आसानी से न छूट जाएं, इस बात को देखते हुए हत्या के सभी मामलों की डीएनए जांच की जा रही है। पूर्व में हत्या के सस्पेक्टेड मामलों में डीएनए जांच की जाती थी। वर्तमान में हत्या के सभी मामलों में डीएनए जांच की जा रही है।

### ब्लास्ट में मारे गए मजदूरों की पहचान डीएनए से

बेमतेरा, बेरला स्थित बारूद फैक्ट्री में इस वर्ष मई में हुए ब्लास्ट में आधा दर्जन से ज्यादा मजदूरों की मौत हो गई थी। ब्लास्ट में मजदूरों के चीथड़े उड़ गए थे। मजदूरों की पहचान नहीं हो पा रही थी। फोरेंसिक लैब के अफसर के मुताबिक कलेक्ट किए गए मजदूरों के चीथड़े का अलग-अलग डीएनए टेस्ट किया गया। डीएनए लेने 50 से ज्यादा लोगों का सैंपल कलेक्ट किया गया। इसके बाद उन सैंपलों के चीथड़ों की डीएनए रिपोर्ट से मिलान कर सभी मृतकों की अलग-अलग पहचान की गई।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल के नाम ज्ञापन सौंपा

# नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी बेमियादी हड़ताल पर, तूता में किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर प्रदेशभर के नगरीय निकायों के 20 हजार प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर बेमियादी धरना दे रहे हैं। धरना प्रदर्शन के सातवें दिन बस्तर संभाग से पहुंचे प्लेसमेंट कर्मचारियों ने धरना स्थल पर प्रदर्शन कर नगरीय निकायों में ठेका प्रथा समाप्त कर निकायों में समायोजन कर विभाग से वेतन भुगतान की मांग करने जुटे।

नगरीय निकाय चुनाव से पहले प्रदेश भर के नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों ने अपने लंबित मांगों को लेकर राज्य शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। लामबंद कर्मचारी 3 दिसंबर से काम ठप कर हड़ताल पर हैं। कर्मचारियों की मांग को पूरा किये जाने नगर निगम रायपुर के अधिकारी कर्मचारी एकता संघ ने समर्थन दिया है। संघ के अध्यक्ष प्रमोद जाधव, ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों की मांगों को पूरा किये जाने समर्थन दिया है। प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ की प्रमुख मांग है शासन के अन्य विभाग जल संसाधन, लोक निर्माण विभाग, पीएचई, वन विभाग की तर्ज पर नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों को निकायों से सीधे वेतन भुगतान किया जाए। निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को श्रम सम्मान राशि 4 हजार रुपए दिया जाए।



### 15-20 साल से काम कर रहे, उचित पारिश्रमिक नहीं

भुक्तभोगी प्लेसमेंट कर्मचारियों का कहना है विगत कई वर्षो से वे अपनी मांग शासन-प्रशासन तक पहुंचा रहे हैं, पर आज तक उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया। 8 घंटे की ड्यूटी में उनसे 10 से 12 घंटे कार्य कराया जाता है, जिसका उचित पारिश्रमिक भी उन्हें नहीं मिल पाता। कम वेतन में घर चलाना मुश्किल हो रहा है, जबकि शासन-प्रशासन के योजनाओं का प्रशासनिक स्तर पर बहुत सारा कार्य प्लेसमेंट कर्मचारियों के माध्यम से होता है। जैसे वर्तमान में महतारी वंदन योजना, निर्वाचन कार्य, जनगणना कार्य, जातिगत सर्वे कार्य के अतिरिक्त अन्य योजनाओं कार्य नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारी कराते रहे हैं। इसके बाद भी प्लेसमेंट कर्मचारियों की अनदेखी की जा रही है। इससे प्रदेशभर के नगरीय निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है।

### ऑनलाइन कार्य का पटवारियों ने किया विरोध, भत्ता सहित जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने की मांग



**रायपुर।** राज्य शासन ने राजस्व विभाग में ऑनलाइन कामकाज को लागू कर दिया है। पटवारियों को भुइंया साफ्टवेयर में भूमि स्वामियों के दस्तावेजों को ऑनलाइन अपडेट करने की अनिवार्यता कर दी गई है। इस कार्य का राजस्व पटवारी संघ ने विरोध किया है। साथ ही ऑनलाइन कामकाज के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के साथ ही राज्य शासन से इंटरनेट भत्ते की मांग की है। भत्ता व जरूरी संसाधन उपलब्ध न कराये जाने के विरोध में सोमवार को प्रदेशभर के पटवारियों ने काला कपड़ा पहनकर प्रदेशभर के जिला मुख्यालयों में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी संघ ने जिले की कार्यकारिणी के माध्यम से जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पटवारियों को ऑनलाइन कार्यों में हो रही विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

#### चेतावनी में इस तरह की जानकारी

राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर के जिला मुख्यालयों में राजस्व पटवारी संघ के आव्हान पर पटवारियों ने सोमवार को जिला कलेक्टर के नाम से ज्ञापन सौंपा। जिसमें संघ ने इस तरह की चेतावनी दी है -

- 15 दिसंबर तक आवश्यक संसाधन उपलब्ध न कराये जाने की दशा में प्रदेश के सभी पटवारी ऑनलाइन कार्यों व ट्रेनिंग का बहिष्कार कर विरोध जताएंगे।
- 16 दिसंबर से प्रदेश के सभी पटवारी सभी प्रकार के शासकीय वाट्सएप ग्रुप से बहिष्कार करने बाध्य होंगे।

# डंगनिया केंद्र की बैठक में अहिल्या बाई की जीवनी पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

महाराष्ट्र मंडल की डंगनिया कालोनी महिला केंद्र की बैठक में मराठी संस्कृति, परंपरा और ऐतिहासिक गौरव एक साथ नजर आया। पारंपरिक परिधान में पहुंचकर जहां महिलाओं ने अपनी संस्कृति को संजोया। वहीं दत्तात्रेय जयंती पर सुंदर भजन प्रस्तुत कर अपने पूर्वजों से विरासत में मिली परंपरा का निर्वहन किया। वहीं शिवभक्त देवी अहिल्या बाई होल्कर की विजय गाथा के साथ अपने ऐतिहासिक गौरव को याद किया। बैठक में मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने वर्तमान समाज में रानी अहिल्याबाई होल्कर के योगदान को याद किया। कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष गीता दलाल, रेणुका पुराणिक, अपर्णा देशमुख, नमिता शेष, अनुभा जाउलकर, भावना राजिमवाले, अंजली काले, जया भावे, माधुरी इंचुलकर आदि शामिल थीं।

- वहीं दत्तात्रेय जयंती पर सुंदर भजन प्रस्तुत कर अपने पूर्वजों से विरासत में मिली परंपरा का निर्वहन किया

### पुरानी कुरीतियों से निजात दिलाई

उन्होंने महिलाओं की शिक्षा, दीक्षा, लेकर कई पुरानी कुरीतियों से उन्हें निजात दिलाई। वे एक आदर्श पत्नी के साथ आदर्श मां भी थीं। वे जीवन के हर कठिन परिस्थिति से जूझने के लिए तत्पर रहती थीं। आगामी 14 दिसंबर को भगवान दत्तात्रेय जयंती दत्तात्रेय मंदिर ट्रस्ट समिति की ओर से मनाया जाएगा। इसमें ज्योति डोलस की टीम भजन की प्रस्तुति देंगी।

# कैंसर के जोखिम को कम कर सकता है उष्ट्रासन

- एम्स के विशेषज्ञ डॉ. मय राठौर ने ली लोनावला में क्लास



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के जोखिम को विभिन्न तरह के योगासन कम कर सकते हैं। एम्स के योग एनाटॉमी विशेषज्ञ डॉ. मृत्युंजय राठौर ने लोनावला के कैवल्यधाम में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग देखभाल सम्मेलन में आसनों के शिक्षण का अभिनव दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।

'कैंसर सर्वाइवरशिप के लिए माइंडफुल आसन प्रैक्टिस' थीम पर आधारित इस वर्कशॉप को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों से जबरदस्त प्रशंसा मिली। सम्मेलन में डॉ. राठौर ने कैंसर सर्वाइवरशिप के लिए उष्ट्रासन (कैमल पोज) के महत्व को रेखांकित किया और इसके चिकित्सीय लाभों और अंतर्निहित तंत्रों को समझाया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे विशेष आसन कैंसर देखभाल के सर्वाइवरशिप चरण के दौरान शारीरिक और मानसिक पुनर्प्राप्ति में योगदान दे सकते हैं। इसके अतिरिक्त कैंसर की रोकथाम में आसन अभ्यास की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नियमित अभ्यास तनाव को कम करने, प्रतिरक्षा को बेहतर बनाने, रक्त संचार को बढ़ाने और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद करता है, जो कैंसर के विकास के जोखिम को कम करने में महत्वपूर्ण कारक है। सत्र के दौरान डॉ. राठौर ने त्रिकोणासन और उष्ट्रासन जैसे विभिन्न आसनों को करते समय आने वाली चुनौतियों पर भी चर्चा की और सही तकनीक तथा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए।

# सूबेदार, एसआई, प्लाटून कमांडर सहित 971 पदों के परिणाम जारी, शीर्ष-10 में मात्र एक महिला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर




व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा पुलिस मुख्यालय के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए आयोजित भर्ती परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। व्यापम ने 971 पदों के लिए यह भर्ती परीक्षा वर्ष 2023 में 26,27 और 29 मई को आयोजित की थी। छत्तीसगढ़ में पुलिस विभाग के सूबेदार, उप निरीक्षक, उप निरीक्षक (विशेष शाखा), प्लाटून कमाण्डर, उप निरीक्षक (अंगुल चिन्ह), उप निरीक्षक ( प्रश्नाधीन दस्तावेज), उप निरीक्षक (रेडियो), उप निरीक्षक (कम्प्यूटर) के लिए व्यापम ने फाइनल लिस्ट जारी करते हुए 2 हजार 618 कैंडिडेट्स की मेरिट लिस्ट अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड की है। इसके साथ ही व्यापम द्वारा मेरिट लिस्ट भी अपलोड की गई है। इसके अनुसार, अर्जुन सिंह शीर्ष पर रहे हैं। मेरिट लिस्ट के साथ ही चयन सूची में भी पुरूष अभ्यर्थियों का ही दबदबा रहा है। टॉप-10 में मात्र एक ही महिला उम्मीदवार अपनी जगह बना सकी हैं, जबकि अन्य 9 पुरूष अभ्यर्थी हैं। जारी की गई सूची के अनुसार, अभिषेक पाठक दूसरे, मनोज कुमार तीसरे, विकास केरकेट्टा चौथे, संजय कुमार पांचवें, अनुराग छठवें और महेन्द्र कुमार सातवें, शीलू श्रीवास्तव आठवें, नीरज तिर्की 9वें नंबर पर नीरज तिर्की और संजय सिंह 10वें स्थान पर हैं।

- 2023 में 26, 27 और 29 मई को किया गया था मुख्य लिखित भर्ती परीक्षा का आयोजन
- पुलिस मुख्यालय के अंतर्गत रिक्त पदों पर होनी है भर्ती

### डेढ़ वर्ष पश्चात परिणाम

मई 2023 में परीक्षा आयोजित किए जाने के बाद व्यापम ने 5 जून 2023 को मॉडल उत्तर जारी किए थे। इसके बाद निर्धारित तिथि तक दावा आपत्ति भी मंगाई गई थी। मॉडल आंसर जारी किए जाने के डेढ़ वर्ष पश्चाम व्यापम ने परीक्षा परिणामों की घोषणा की है। दावा आपत्ति के निराकरण के बाद अंतिम चयन सूची जारी की कई है। मेरिट लिस्ट व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट के साथ ही पुलिस मुख्यालय की वेबसाइट www.cgpolice.gov.in पर भी देख सकते हैं। प्रश्नपत्रवार प्राप्तांक भी व्यापम ने अपने वेबसाइट में अपलोड कर दिए हैं।

## नहीं मिले संसाधन

# मंजूरी के बाद भी डीकेएस में नहीं हो रहा किडनी ट्रांसप्लांट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

आंबेडकर अस्पताल से अलग होने के बाद प्रदेश में किडनी प्रत्यारोपण की योजना लाने वाले डीके अस्पताल में अब तक यह सुविधा शुरू नहीं हो पाई है। कभी उपकरण कभी चिकित्सकों की कमी की वजह से मरीजों का अंग प्रत्यारोपण यहां प्रारंभ नहीं हो सका है। पिछले दिनों जरूरी संसाधन की खरीदी स्वशासी मद से करने की सहमति दी गई, मगर इसका लिखित आदेश जारी नहीं हो पाया।

डीके अस्पताल में अंग एवं उतक प्रत्यारोपण संगठन का कार्यालय तो संचालित है, मगर यहां अब तक किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा शुरू नहीं हो सकी है। दूसरी ओर निजी अस्पताल समेत एम्स लगातार मरीजों को इसका उपचार प्रदान कर रहा है। डीके अस्पताल में किडनी संबंधी उपचार तो किया जा रहा है, मगर मरीजों को प्रत्यारोपण की स्थिति होने पर एम्स अथवा दूसरे निजी अस्पताल जाने की सलाह दी जाती है। विभागीय स्तर पर यहां प्रत्यारोपण शुरू करने के लिए कई दावे किए गए, जो अब तक अधूरे हैं। अस्पताल प्रबंधन की ओर से अंतिम दिनों में प्रत्यारोपण से संबंधित 6 करोड़ के उपकरणों की सूची बनाई गई थी। इसकी खरीदी के लिए स्वशासी मद का उपयोग करने पर सहमति बनी थी, मगर लिखित में इसका आदेश जारी नहीं हो पाया था। इस बीच वहां के दो चिकित्सकों ने सेवा से त्यागपत्र दे दिया, जिसके बाद मामला और ठंडे बस्ते में चला गया।



- जरूरी उपकरण खरीदने स्वीकृति लिखित में जारी हुआ आदेश

## लेफ्ट, यू-टर्न करने वालों के लिए जगह नहीं इस वजह से भी लग रहा जाम

# रायपुर के ट्रैफिक सिग्नल में लोग जाम से हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी के रहवसी शहर के व्यस्ततम के साथ अंदरुनी इलाकों के ट्रैफिक सिग्नल में आए दिन फंस रहे हैं। पंडरी बस स्टैंड भाठागांव शिफ्ट होने के बाद लोगों को ट्रैफिक जाम से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद थी। पंडरी बस स्टैंड के इंटर स्टैंड बस स्टैंड शिफ्ट होने के बाद घड़ी चौक में लोगों को थोड़ी राहत मिली है, लेकिन रायपुरा, भाठागांव, सहित पचपेड़ी नाका में ट्रैफिक का दबाव पहले से कई गुना ज्यादा बढ़ गया है।

गौरतलब है कि राजेंद्र नगर ब्रिज के नीचे अंडर पास के साथ पचपेड़ी नाका, संतोषी नगर, भाठागांव, सुंदर नगर तथा रायपुरा स्थित ओवर ब्रिज के नीचे अंडर पास का स्ट्रक्चर ऐसा है कि वहां ट्रैफिक सिग्नल नहीं लगाया जा सकता। इसके चलते ट्रैफिक पुलिस को इन जगहों में मैन्युअल तरीके से ट्रैफिक कंट्रोल करना पड़ता है। इन मार्गों में कई जगह सर्विस रोड काफी संकरी है। इस वजह से भी लोगों को जाम से जूझना पड़ता है। वीआईपी मूवमेंट होने की स्थिति में तेलीबांधा से लेकर रायपुरा चौक तक ट्रैफिक व्यवस्था धाराशायी हो जाती है।



### लेफ्ट, टू-टर्न करने वालों को जगह नहीं

जिन चौक-चौराहों में सिग्नल लगे हैं उन चौक-चौराहों में लेफ्ट तथा यू-टर्न करने वालों के लिए मार्किंग की गई है। लेफ्ट टर्न को क्लीयर रखने प्लास्टिक के पोल भी लगाए गए हैं। बावजूद इसके लेफ्ट टर्न करने लगाए गए पोल के उस पार तथा यू-टर्न करने लगाए गए मार्किंग में वाहन खड़े कर देते हैं। इसके चलते बेवजह लोगों को ट्रैफिक जाम से जूझना पड़ता है।

### अंदरुनी इलाकों की स्थिति भी दयनीय

शहर के अंदरुनी इलाके खासकर शंकर नगर, खम्हारडीह, जयस्तंभ, घड़ी चौक, फाफाडीह, आंबेडकर अस्पताल, लाखेनगर चौक सहित शहर के कई ऐसे प्रमुख चौक चौराहे हैं, जहां सुबह कार्यालयीन समय तथा शाम के समय लोगों को ट्रैफिक सिग्नल पार करने इंतजार करना पड़ा है। इन जगहों में स्थिति ऐसी हो जाती है कि लोगों को ग्रीन सिग्नल क्रास करने दो-दो बार रेड सिग्नल में खड़े होकर इंतजार करना पड़ता है।

### सिग्नल के पास वाहनों की पार्किंग

शहर में सिग्नल के पास ट्रैफिक जाम की वजह सिग्नल के आस-पास मोड़ में वाहन पार्क करना है। खासकर जयस्तंभ तथा शास्त्री चौक में ऐसी स्थिति देखने को मिलती है। ट्रैफिक पुलिस अभियान चलाकर वाहन चालकों के खिलाफ नो पार्किंग की कार्रवाई भी करती है। बावजूद इसके वाहन चालक ऐसी जगहों में वाहन पार्क कर ट्रैफिक समस्या बढ़ाने का कार्य करते हैं।

# अटल विहार योजना प्रारंभ, जरुरतमंदों को किफायती दर पर मिलेगा आवास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 'सभी के लिए आवास' की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में 'अटल विहार योजना' के अंतर्गत छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की 7 आवासीय परियोजनाओं का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री कहा, सरकार के एक वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा अटल विहार योजना प्रारंभ की जा रही है, ताकि जरूरतमंदों को विशेष रूप से शहरी क्षेत्र के लोगों को किफायती दर पर मकान उपलब्ध कराए जा सकें।जिन आवासीय परियोजनाओं का शुभारंभ किया, उनके तहत 7 विभिन्न स्थानों पर भरकोनी-रायपुर, पथर्रा-राजिम, खरतुली-धमतरी, सिहाद-धमतरी, पुलगांव-दुर्ग, गुरुर-बालोद, एवं कोकड़ापारा-बीजापुर में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी और एमआईजी श्रेणी के आवास बनाए जाएंगे। लगभग 300 करोड रुपए की लागत की इन परियोजनाओं के तहत 1650 मकान बनाए जाएंगे, इनमें ईडब्ल्यूएस और एलआईजी श्रेणी के 1452 आवास तथा एमआईजी श्रेणी के 200 आवास बनाए जाएंगे। हितग्राही भवनों का ऑनलाइन पंजीयन वेबसाइट के माध्यम से घर बैठे कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर शहरी गरीब परिवारों को आवास मिले, इस उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास योजना लागू की गई है।



### एक रुपए वर्गफीट में उपलब्ध होगी जमीन

मुख्यमंत्री ने कहा, अटल विहार योजना के लिए हाउसिंग बोर्ड को एक रुपये प्रति वर्ग फुट पर शासकीय भूमि उपलब्ध कराई जा रही है। इस संबंध में प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर्स को निर्देश दिये गये हैं। योजना में पूर्व में घोषित अनुदान को जारी रखते हुए ईडब्ल्यूएस भवनों में 80,000 रुपए एवं एलआईजी भवनों में 40,000 रुपए अनुदान राज्य शासन द्वारा दिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### नरैया गार्डन में विकास कार्यों का भूमिपूजन

**रायपुर।** नगर निगम जोन 6 स्थित शहीद पंकज विक्रम वार्ड के नरैया गार्डन में 1 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजनप सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, जोन अध्यक्ष निशा देवेंद्र यादव की विशेष उपस्थिति में किया गया। पुलिस लाइन के पास स्थित नरैया तालाब के करीब 1800 मीटर के राउंड एरिया में बच्चों के मनोरंजन के लिए एक ट्रॉय ट्रेन चलाने की तैयारी है। जोन 6 कमिश्नरी ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। यह ट्रेन जनवरी के अंत तक शुरू कर दी जाएगी। नरैया गार्डन में पेड़ पौधों की अधिकता के कारण यहां सुबह शाम आसपास के नागरिक वॉक करने आते हैं।

### पीएम आवास कालोनियों में समस्याओं का अंबार

**रायपुर।** अपनी समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी में रहने वाले सकैडों लोगों ने सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में रायपुर कलेक्टर ज्ञापन सौंपा और प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी में समस्याओं के संबंध में अवगत कराते हुए उनका शीघ्र निराकरण करने निवेदन किया। इस मौके पर ईडब्ल्यूएस परिवार संघ व सामाजिक संस्था सुराज जन कल्याण समिति सोसाइटी के अध्यक्ष प्रीतम महानंद ने कहा, प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी में रहने वाले लोग नरकीय जीवन जी रहे हैं, आउट्लेट, स्वच्छ पानी, बिजली, गार्डन, बाउंड्रीवाल आदि समस्याओं से ग्रस्त है। इसी दौरान सामाजिक नेता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षा प्रधानमंत्री आवास योजना जिसका व्यापक रूप से देश भर में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है प्रधानमंत्री ने देश को झुग्गी मुक्त करने का भी आह्वान किया है, इसके बाद भी आज रायपुर राजधानी के प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी के निवासी समस्याओं के बीच रहने को मजबूर है।

### सरकारी ड्रायवरों ने मांगी 8 घंटे की ड्यूटी

**रायपुर।** शासकीय वाहन चालक स्वास्थ्य विभाग कल्याण संघ ने आठ घंटे की ड्युटी और 22 सौ रुपए ग्रेड पे की मांग की है। संघ के अध्यक्ष सुभाष सहारे ने बताया कि संघ की बैठक स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी संघ अर्जुन नगर, रायपुर में आहूत की गई। बैठक में वाहन चालको की विभिन्न मांगें समस्या आदि पर विचार किया गया, जिसमें वर्षों से लंबित मांगे 2200 ग्रेड पे स्वीकृति, वाहन चालकों की 8-8 घण्टे से ज्यादा ड्यूटी न ली जाय। शासकीय वाहनों का बीमा प्रतिवर्ष होना चाहिए। मंहगाई को देखते हुए मोबाईल भत्ता, जोखिम भत्ता तथा रिक्त पदों पर भर्ती पर चर्चा हुई।

### कॉलेज के छात्रों को मिली चिकित्सा बस की सुविधा

**गुरूर।** स्व. डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय में जनभागीदारी अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा की विशेष पहल पर चिकित्सा बस की सुविधा कॉलेज के विद्यार्थियों को प्रदान करायी गई है। इसके तहत महाविद्यालय के 350 से अधिक छात्र-छात्राओं का स्वास्थ परीक्षण किया गया। यह पहली बार है कि किसी जनभागीदारी अध्यक्ष ने छात्र छात्राओं के स्वास्थ की चिंता करते हुए चिकित्सा बस की सुविधा कॉलेज के विद्यार्थियों को प्रदान करवाई है। नंदकिशोर शर्मा ने अपने टीम के जनभागीदारी सदस्य चौलेश कुमार देशमुख के साथ कॉलेज के सभी विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने का टिप्स प्रदान किए एवं बस सुविधा प्रत्येक माह में 1 बार उपलब्ध करवाये जाने की बात कही।

## निधन

### सोनी बाई साहू



**नवागढ़।** शंकर नगर नवागढ़ निवासी सेवानिवृत व्याख्याता लखन लाल साहू की धर्मपत्नी एवं गणपत साहू की माता सोनी बाई साहू का मंगलवार की शाम आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंत्येष्टि का कार्यक्रम बुधवार को प्रातः 10 बजे उनके गृहग्राम भनसूली में किया जाएगा।

# एमडी-एमएस में 71 एडमिशन के साथ पूरा हुआ पहला राउंड, 271 सीटें अभी बाकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य के शासकीय और निजी मेडिकल कालेज में एमडी-एमएस की सीटों पर एडमिशन का पहला दौर पूरा हो गया है। फर्स्ट राउंड की काउंसिलिंग में ज्यादातर डिमांड वाली सीटों पर एडमिशन पूरा हुआ है। रायपुर के शासकीय मेडिकल कालेज में सर्वाधिक 26 एडमिशन हुआ है और राजनांदगांव का खाता भी नहीं खुल पाया है। दूसरे चरण की काउंसिलिंग के लिए 271 सीट बाकी है।

राज्य के छह शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय और तीन निजी कालेजों में पीजी के पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाता है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित प्रथम दौर की काउंसिलिंग के लिए मेरिट लिस्ट के साथ 216 लोगों की संशोधित सूची जारी की गई थी। जिन्हें पसंदीदा कालेज और डिमांड वाली सीटें मिली उन्होंने मौका चूके बिना प्रवेश ले लिया। जिन्हें ऐसा अवसर नहीं मिला, उन्होंने दूसरे राउंड के प्रवेश में शामिल होने के लिए सीट छोड़ दी। इसकी वजह से निजी और शासकीय कालेजों में एनआरआई और राज्य कोटे की मिलाकर कुल 342 सीटों में से केवल 71 सीटों पर एडमिशन हो पाया है 271 सीट दूसरे दौर की काउंसिलिंग के लिए बच गई। जानकारी के अनुसार टॉपरों को जेएन मेडिकल कालेज मिला था, जिन्होंने अपना एडमिशन पूरा कर लिया। इसके अलावा राजनांदगांव में एक भी एडमिशन नहीं हुआ और जगदलपुर तथा रायगढ़ में क्रमशः एक और दो विद्यार्थियों ने अपना प्रवेश पूरा किया। निजी कालेजों में भी आधा से डेढ़ दर्जन सीटों पर प्रवेश का काम पूरा हुआ।

## रायपुर में सर्वाधिक 26 एडमिशन, राजनांदगांव का खाता भी नहीं खुला

### एनआरआई कोटे की 21 सीटें बाकी

राज्य के तीन निजी मेडिकल कालेजों में एनआरआई कोटे की 26 सीटें हैं, इनमें से 21 सीटें खाली हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग की सूची के अनुसार शंकराचार्य की एनआरआई की आठ सीटों में एकमात्र, रिम्स और बालाजी की 9-9 सीटों में दो-दो सीटों पर ही एडमिशन हो पाया है। दूसरे चरण की काउंसिलिंग में पुनः 21 सीटों को प्रवेश के लिए शामिल किया जाएगा।



### दूसरे राउंड का एडमिशन जल्द

पहले राउंड में प्रवेश के बाद खाली सीटों को भरने के लिए दूसरे दौर की काउंसिलिंग का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए उन विद्यार्थियों को भी मौका दिया जाएगा, जिन्होंने अलॉटमेंट के बाद भी एडमिशन नहीं लिया है। पहले एडमिशन के बाद सीट अपग्रेड करने का मौका दिया जाता था। उस दौरान दूसरे राउंड में पसंदीदा कालेज या विषय नहीं मिलने पर बैकफुट पर जाने का मौका मिलता था, इस बार ऐसा मौका नहीं दिया गया है।

**आयोजन : हितग्राहियों को भी किया गया सम्मानित**

# ग्रापं ढाबा, भालेसर व केंवतरा के सरपंच-सचिव को सम्मान पत्र और मोमेंटो देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत हमारा शौचालय, हमारा सम्मान अभियान अंतर्गत बेस्ट सामुदायिक शौचालय एवं बेस्ट व्यक्तिगत शौचालय सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। सभाकक्ष में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी, सभापति अंजू बघेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल सहित ग्राम पंचायत के हितग्राही एवं ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव उपस्थित थे। सम्मान समारोह में बेस्ट व्यक्तिगत शौचालय के हितग्राही रुपलाल साहू ग्राम पेंड्रीकला (साजा), रम्भा साहू ग्राम घुरसेना एवं रामकली बंजारे ग्राम कौड़यि (नवागढ़), तुलसी देवांगन ग्राम खुड़मुड़ा (बेरला) लेखापाल ग्राम लालपुर (बेमेतरा) को सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

■ जिला पंचायत में बेस्ट सामुदायिक शौचालय एवं बेस्ट व्यक्तिगत शौचालय सम्मान





इसी प्रकार बेस्ट सामुदायिक शौचालय में जनपद पंचायत बेरला के ग्राम पंचायत ढाबा व भालेसर तथा साजा के ग्राम पंचायत केंवतरा के सरपंच व सचिव को सम्मान पत्र व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जिला पंचायत के उपाध्यक्ष अजय तिवारी ने कहा गांव को साफ - स्वच्छ रखने एवं कीटनाशक रासायनिक खाद के दुष्प्रभाव से बचने के लिए नाडेप खाद बनाना एवं उसका उपयोग करना आवश्यक है। सभापति अंजू बघेल ने कहा कि सामुदायिक शौचालय के बनने से गांव में स्वच्छता के स्तर में प्रगति आयी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों का स्वच्छ एवं सुंदर गांव बनाने के लिए सभी की भागीदारी आवश्यक है। कचरे का सही जगह पर निष्पादन करें एवं स्वच्छता अभियान में बढ़चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने कहा कि शौचालय के नियमित उपयोग करने से गांव में होने वाले संक्रामक बीमारियों से बहुत बचाव हो रहा है। लोगों के जीवनशैली में सुधार हुआ है। सरपंच एवं सचिवों को गांव में स्वच्छता के लिए कार्य कर रहे समूह को सहयोग करने के लिए कहा। आभार प्रदर्शन स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला समन्वयक के द्वारा किया गया।

### कचरे के साथ- साथ पानी का भी हो रहा प्रबंधन

ग्राम पंचायत केंवतरा के सरपंच कुमेश्वर यादव ने ओडीएफ के पहले अपना अनुभव बताते हुए कहा कि गांव में पहले खुले में शौच होने के कारण गंदगी बहुत होती थी। किन्तु जब से स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण हुआ है। घर घर से कचरा कलेक्शन का कार्य प्रारंभ हुआ है तब से गंदगी कम हो गई है। आगे भी हम सब मिल कर के गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। घरों से जो निकलने वाले काला पानी का प्रबंधन भी किया जा रहा है। गली-मोहल्ले को साफ-सुथरा रखने के लिए सफाई अभियान भी चलाया जाता है। इसी क्रम में गीता गोयल, मीरा मानिकपुरी, रामकली बंजारे ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# सरपंच की पहल से कुपोषण मुक्त हुई पंचायत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/निकुम

ग्राम पंचायत भोथली में सरपंच की सोच व समय-समय पर ग्रामीणों को जनजागरुकता के कारण बेहतर प्रयास से आंगनबाड़ी में कुपोषण से मुक्त करने का संकल्प लेकर सुरेश साहू ने गांव के कुपोषित बच्चों को गोद लेकर लगातार मानीटिरिग करने व बच्चों के माता पिता को प्रेरित करने के कारण अब सभी कुपोषण से मुक्त हो गये।

वहीं आंगनबाड़ी में सरपंच के अच्छे प्रयास के कारण बच्चों के मनोरंजन के लिए कार्टून, गीत, जीके व सहित विविध गतिविधियों के लिए स्मार्ट टीवी दी गई वहीं खरखरा नदी के किनारे बसे होने के कारण बरसात में कई बार ठीक पानी नहीं मिलने से बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर होने से मौसमी बीमारी होने का खतरा व भय बना रहता है, जिसके कारण नौनिहालों बच्चों को सुरेश साहू मुंह मीठा करा कर वाटर प्युरी फायर ऑरो मशीन दी।

इस अवसर पर साहू ने कहा कि मानव सेवा ही माधव सेवा है, बेहतर प्रयास करें, ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य व मनोरंजन मिल रहा है, पूरे गांव में स्वच्छ भारत मिशन 300 शौचालय का निर्माण कर पूर्ण ओडीएफ गांव बनने से स्वच्छ गांव, स्वस्थ्य गांव व बेहतर शिक्षा से स्मार्ट गांव बनाने के संकल्प कर कार्य कर रहे, ग्रामीणों को मनरेगा में रोजगार गांरटी से पलायन रुकने साथ ही पेड़ पौधों लगाकर हरियाली बिखेर रहे हैं।

# हथौद में मनाई जायेगी गीता जयंती एकादशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

महर्षि मुक्ताश्रम न्यास हथौद में श्रीमद् भगवद गीता जयंती महोत्सव मोक्षदा एकादशी हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। यह आयोजन का रजत जयंती वर्ष है। आज से पच्चीस वर्ष पहले ब्रम्हलीन वेदांत केशरी स्वामी आत्मा राम कुम्भज के मार्गदर्शन में मुक्त अवधूत क्रीड़ा स्थली बेलमांड में प्रारंभ हुई थी, जो कि पुरुषोत्तम सिंह राजपूत द्वारा सनातन धर्मावलंबियों का महापर्व को अनवरत जारी रखे हैं।



आज ही के दिन कुरुक्षेत्र के मैदान पर महाभारत युद्ध में भगवान योगेश्वर श्री कृष्ण जी ने अपने सखा अर्जुन को यह उपदेश दिया था। तभी से मोक्षदा एकादशी को गीता माता की जयंती मनाई जाती है, यह विश्व का एकमात्र धर्म ग्रन्थ है जिसकी जयंती मनाई जाती हैं। इस अवसर पर सुबह 9 बजे भगवान योगेश्वर श्री कृष्ण जी और गीता माता की पूजन पंडित मनोज शर्मा सोरर द्वारा कराई जाएगी, 10 बजे से आद्योपांत साधकों द्वारा पारायण होगी। पश्चात 12 बजे से गिरिजा देवी शर्मा माताजी का प्रवचन होगा। 2 बजे से महाप्रसादी होगी। 3 बजे से 4 बजे बालयोगी श्रीराम बालक दास महात्यागी जामड़ी पाटेश्वरधाम का प्रवचन होगा।

इस अवसर पर बच्चों को गीता ज्ञान से परिचित कराने विद्यालयों में निःशुल्क परीक्षा ली जाती है, इसमे सफल बच्चों का स्वामी जी के हाथों सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर सभी सनातन धर्मावलंबियों साधकों और सत्संगियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# बैजनाथपारा में जोन कमिश्नर को घेरा, गए थे अवैध निर्माण पर कार्रवाई के लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अवैध निर्माण पर कार्रवाई के लिए गए नगर निगम के अधिकारियों के साथ बदसलूकी की गई। जोन 4 के बैजनाथपारा क्षेत्र में नगर निगम से अनुमति लिए बिना बिल्डिंग निर्माण कराया जा रहा था। नगर निगम ने पूर्व में भी इस अवैध निर्माण को बंद कराया था। इसके बाद संबंधित भवन मालिक ने फिर से काम शुरू करवा दिया। कार्रवाई करने गए जोन कमिश्नर समेत कुछ कर्मचारी के साथ यह बदसलूकी का मामला सामने आया है। दरअसल, नगर निगम जोन 4 क्षेत्र में 5 दिसंबर को जोन की टीम ने अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की थी। इसके साथ ही अवैध निर्माण रोकने के साथ एक दुकान को सील भी किया था। इस कार्रवाई के बाद भी बिल्डिंग निर्माण का कार्य जारी रहा। अधिकारियों ने काम बंद करने की चेतावनी देकर निर्माण कार्य बंद कराकर दोबारा निर्माण ना करने की चेतावनी दी थी। इसके बाद भी काम जारी रहा। जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव का कहना है, नक्शा विपरीत निर्माण करने पर मई 2024 में भी अवैध निर्माण तोड़ा गया था। इसके बाद भी बिना किसी प्रशासनिक स्वीकृति के अवैध निर्माणकर्ता द्वारा काम कराया गया। निगम अमला स्पॉट पर चल रहे काम को बंद कराने मौके पर गया।

■ निगम की अनुमति बिना अवैध निर्माण का मामला

इसी दौरान कुछ लोग आकर विवाद करने लगे और शासकीय कार्य में बाधा डाली गई। निगम कर्मचारियों के साथ बदसलूकी की गई। बिना नक्शा स्वीकृत कराए या स्वीकृत नक्शा विपरीत मकान-दुकान और व्यवसायिक परिसर बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सभी जोन आयुक्तों को इसके लिए निर्देश दिए हैं।

# सेवानिवृति पर जीवराखन को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में भृत्य के रूप में पदस्थ जीवराखन देशमुख का सेवानिवृत्त होने पर कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी द्वारा विदाई दी गई।

सन 1986 से भृत्य के रूप में जिले के 5 विभिन्न जगहों में अपनी सेवा दे चुके भृत्य जीवराखन देशमुख सन 2013 से 2024 तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में भृत्य के रूप में अपनी सेवा दे रहे थे। उनकी बिदाई समारोह पर अधिकारी कर्मचारियों द्वारा उनके दूसरों के प्रति सम्मान का व्यवहार व उनके कर्तव्य निष्ठापूर्वक की गई सेवा भावी कार्यो को सभी ने सराहना की। वहीं सभी ने उनके साथ बिताए हुए पुराने लम्हो को याद कर पुरानी यादे ताजा की। इस अवसर पर अधिकारी कर्मचारी द्वारा उन्हे भेट स्वरूप विभिन्न उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले, संतोश देशमुख, निरंजन साहू, घोड़ेसवार, चन्द्राकर, कोसरे, देवेन्द्र यदु, सुंदर लहरे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी व स्टाफ उपस्थित थे।





## पेज 9 के शेष

### धान खरीदी सुचारू रूप से ...

प्रदर्शित करने वाले कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में चल रहे धान खरीदी के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि धान खरीदी किसी भी स्थिति में रुकना नहीं चाहिए। इस दौरान उन्होंने धान उठाव की समीक्षा करते हुए उन्होंने समय सीमा के भीतर संग्रहित धान का उठाव तेज करने के निर्देश दिए हैं। मार्कफेड और नान के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि उठाव नियमित तौर से होता रहे। उन्होंने जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों में बारदाना, किसानों के लिए छाया, पेयजल सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**युवा उत्सव की तैयारियों की ली जानकारी:** कलेक्टर ने 21 दिसंबर को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित नवागढ़ आगमन कार्यक्रम के लिए सभी आवश्यक तैयारियां और व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, यातायात, और अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के लिए अधिकारियों से कहा, ताकि मुख्यमंत्री के दौरे को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया जा सके। इसके लिए कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों को अलग-अलग दायित्व सौंपे हैं। उन्होंने प्रत्येक अधिकारी को उनके कार्यक्षेत्र के अनुसार जिम्मेदारियां दी हैं, जैसे कि सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं और कार्यक्रम स्थल की सजावट एवं साफ-सफाई। यह सुनिश्चित किया गया है कि कार्यक्रम के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हों और कोई कमी न रहे। इसके पश्चात, कलेक्टर ने स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, कंतेली में 13 तारीख को आयोजित होने वाले युवा उत्सव की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा, प्रतिभागियों की संख्या, सांस्कृतिक कार्यक्रम, और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर चर्चा की। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पांच दिवसीय युवा उत्सव में कोई कमी न हो और सभी इंतजाम समय पर पूरे किए जाएं, ताकि यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

### धान खरीदी ...

सिन्हा, देवी प्रसाद पटेल,टीकम सिन्हा, रामकुमार सिन्हा, अहिरावण साहू, अजय शर्मा, पूर्व एल्डरमेन फिरोज खान, सतीश जोशी, मानू सिन्हा, शरद देवांगन, बिरेन्द्र सिन्हा, चंदशेखर तिवारी, कुलेश्वर चंद्राकर, जहर चंद्राकर सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट | कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) | स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS | REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH | TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### शराब दुकान हटाने छात्र करेंगे आंदोलन

**परपोड़ी।** शासकीय रानीअवंती बाई महाविद्यालय के छात्र शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर आंदोलन की तैयारी में है। इसके लिए कॉलेज के छात्रों ने अपर कलेक्टर, बेमेतरा को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें शासकीय महाविद्यालय के करीब स्थित शराब दुकान को हटाने की मांग की गई है। छात्रों ने अधिकारी को शासकीय शराब दुकान होने वाली परेशानी को अवगत कराया है। शराब दुकान से आने वाले शराबी, रास्ते के रूप में महाविद्यालय के सामने के मार्ग का उपयोग करते है, जिससे विवाद की स्थिति बनी रहती है। शराबी आए दिन छात्राओं से दुर्व्यवहार करते रहते हैं, जिससे छात्रों की सुरक्षा खतरे में रहती है। महाविद्यालय में अव्यवस्था बनी हुई है। सूत्रों के अनुसार पूर्व में भी शासकीय महाविद्यालय के छात्रों ने जिला आबकारी अधिकारी को इस विषय को लेकर ज्ञापन सौंपा था। महाविद्यालय के छात्रों का कहना है कि शराब दुकान नजदीक में है, जिससे छात्रों को परेशानी होती है। छात्रों का कहना है कि यदि जल्दी समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो चक्काजाम किया जाएगा। यदि मांग पूरी नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### प्रधान पाठिका ने कराया न्योता भोज



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में मंगलवार को नेवता भोज का आयोजन किया गया। यह आयोजन शाला की प्रधान पाठक आशा कुजूर के द्वारा अपने पुत्र के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया । जिसमें बच्चों के साथ ही शाला विकास समिति के अध्यक्ष रामस्वरूप ध्रुव ग्राम गुनरबोड के सरपंच प्रतिनिधि चित्रेंद्र वर्मा संकुल केन्द्र कोबिया की संकुल समन्वयक सुनीता साहू शाला की नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर आयोजन की शोभा बढ़ाई। आशा कुजूर ने आज पूरे परिवार सहित उपस्थित रहकर शाला में बच्चों के साथ केक कटवाया एवं बच्चों को समोसा केला, केक खिलाया। सभी बच्चों ने बधाई दी। शिक्षिका विधि शर्मा ने बच्चें को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### ई रिक्शा व सार्वजनिक स्थानो में पोस्टर चस्पा कर किया जागरूक



**बेमेतरा।** यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों के प्रति आमजनों को जागरूक करने अभियान चलाया जा रहा हैं। इस अभियान के तहत मंगलवार यातायात पुलिस ने यात्री बसों व शहर में चलने वाली ई रिक्शा एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों में पोस्टर चस्पाकर एवं पाम्पलेट वितरण कर आम जनमानस को जागरूक किया। पोस्टर चस्पा एवं पाम्पलेट वितरण अभियान के माध्यम से आमजनों को बताया गया कि दो पहिया वाहन हो या चारपहिया वाहन या उससे बडी वाहन हो कोई भी गाड़ी को सीमित गति से चलाया जाए ताकि कोई घटना घटने के पहले ही वाहन को नियंत्रित किया जा सके और घटना को टाला जाये, साथ ही नशे की हालत में वाहन न चलाने, दो पहिया वाहन में तीन सवारी न चलने और हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करने की अपील किया गया। इसके अलावा पुलिस ने आमजनों से कहा कि सडक में अगर कोई दुर्घटना होती है और इस घटना में व्यक्ति घायल हो तो उसे हर इंसान को चाहिए कि वे अपनी इंसानियत का परिचय देते हुए घायल को अस्पताल तक पहुंचाये या एंबुलेंस को सूचित करें। सडक दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने में घबरायें नहीं। मदद करने वाले व्यक्ति को पुलिस या अस्पताल द्वारा परेशान नहीं किया जायेगा।

**विरोध : किसानों की समस्याओं का निराकरण कराने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन**

# खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था, कांग्रेस ने किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शहर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने धान खरीदी केंद्रों में फैली अव्यवस्था एवं किसानों की समस्याओं के निराकरण किए जाने की मांग पर पुराना बस स्टैंड पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ आक्रोश जताया। प्रदर्शन पश्चात कांग्रेसजनों ने राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।

इस दौरान कांग्रेस ने कहा कि 14 नवंबर से प्रदेश में धान खरीदी राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई है, लेकिन आज तक धान खरीदी केंद्रों में सरकार द्वारा व्यवस्था नहीं बनाई जा सकी है। सरकार की नीतियों से किसानों की परेशानी बढ़ रही है। 3 दिसंबर को भी कांग्रेस ने धान खरीदी केंद्र चलो अभियान चलाया था, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा पदाधिकारी ने धान खरीदी केंद्रों में जाकर किसानों से बातचीत की तथा उनकी समस्याओं को जाना समझा। प्रदेश स्तर पर बारदाने की जहां कमी है, वहीं किसानों से लिए गए बारदाने की राशि का अब तक भुगतान न किया जाना एवं टोकन की अव्यवहारिक व्यवस्था के कारण किसानों को 15 से 20 दिनों की लाइन लगानी पड़ रही है। साथ ही साथ सोसाइटी में धान का उठाव नहीं होने के कारण जगह की कमी तथा इलेक्ट्रॉनिक कांटा में जो तौलाई की जा रही है उसमें डेढ़ से 2 किलो अत्यधिक धान तौलने की शिकायत मिल रही है। किसानों को टोकन के लिए इंतजार करना पड़ रहा है, जिसके कारण उनके धान मौसम की मार झेल रहे हैं।

कांग्रेस यह भी कहा कि भाजपा सरकार ने घोषणा की थी कि 72 घंटे में किसानों के खाते में धान खरीदी का पैसा आ जाएगा, जबकि स्थिति यहां उलट है। एक हफ्ता से अधिक बीत जाने के बाद भी किसानों के खाते में पैसे नहीं आ रहे हैं। धान की कीमत पर केंद्र सरकार द्वारा 117 प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य बढ़ाया गया है, जिसे मिलाकर 3270 रुपए प्रति क्विंटल दिया जाने पर जोर दिए।




**धरने में इनकी रही उपस्थिति**

कांग्रेस के धरना प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के अलावा जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष जोगिंदर, प्राणिश चौबे, लक्ष्मी साहू, हेमिन यादव, नवीन ताम्रकार, आशीष राम ठाकुर, रश्मि मिश्रा, रेहाना रवानी, दिनेश पटेल, भुवनेश्वर वर्मा, सेवक राम वर्मा, मोहित वर्मा, रोमन वर्मा, नेमसिंह वर्मा, सीताराम यादव, मनाराम वर्मा, चितरेन वर्मा, अखिलेश वर्मा,राजू साहू, ऋतिक तिवारी, विक्की चौहान, ढुकालू वर्मा, शिवकुमार वर्मा, अशफाक रिजवी, सीताराम यदु, बलवंत साहू, मिथिलेश वर्मा, रूबी सलूजा, जया साहू, रानी डेनिम सेन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**भाजपा सरकार किसानों को ठगने का काम कर रही है: छाबड़ा**

धरना स्थल पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा भाजपा सरकार किसानों को ठगने का काम कर रही है। भाजपा की नियत ही नहीं है की किसान समृद्ध बने। भाजपा सरकार इसी नियत से सबसे पहले धान खरीदी मात्र दो माह में समाप्त करना चाहती है । भाजपा सरकार सरकारी ऐसे ऐसे आदेश निकाल रही है जिससे किसानों को धान बेचने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे प्रतीत होता है कि भाजपा सरकार की नियत ही नहीं है कि किसानों का धान सरकार खरीदे। इसी तरह किसानों को एक मुश्त समर्थन मूल्य की राशि देने की बात कही गई थी, वह भी नहीं दिया जा रहा है। कार्यक्रम को शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमन गोस्वामी, लुकेश वर्मा, शकुंतला मंगत साहू अध्यक्ष नपा बेमेतरा, सुरेंद्र तिवारी, टी आर जनार्दन, शशिप्रभा गायकवाड, रीना वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा, बहल वर्मा, ऋषि वर्मा, नंद साहू, मनोज शर्मा, रश्मि मिश्रा, हरीश साहू, मिथलेश वर्मा, शत्रुहन साहू ने भी संबोधित किया।

## भाजपा का भरोसा विकास, विज्ञान और संविधान पर : प्रज्ञा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



अचार सहिंता लगने से पहले अपने -अपने मद से स्वीकृत कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण के लिए ग्राम पंचायत झाल पहुंची जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी, 5 लाख की लागत से महामाया मंदिर के पास अतिरिक्त कक्ष निर्माण, और 2.1 लाख की लागत से बनने वाले नाली और महामाया मंदिर प्रांगण में रनिंग वाटर का लोकार्पण जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने किया। झाल की सरपंच पिंकी गज्जू वर्मा, उप सरपंच नानक वर्मा, सचिव दसरू राम रजक, सहित ग्राम पंचायत के पंचों ने अतिथियों का अभिनंदन कर निर्माण के लिए आभार व्यक्त किया। अपने उद्बोधन में प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि भाजपा का भरोसा विकास, विज्ञान और संविधान पर है, दलीय प्रतिबद्धता से ऊपर उठकर सदैव विकास कार्यों को प्राथमिकता से करना भाजपा की संस्कृति है। महतारी वन्दन का पैसा सीधे बहनों के खाते में आता है यह विज्ञान और तकनीकी का उपयोग भ्रष्टाचार दूर करने में करने पर भाजपा का भरोसा है।

- स्वीकृत निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण हुआ

सविंधान के मूल भावना के तहत बिना तुष्टिकरण की नीति अपनाए लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पंथ, जाती, धर्म के लोगों को समान रूप से मिल सके यह भाजपा सरकार की संविधान के प्रति प्रतिबद्धता है।

**राजनीति मेरे लिए मंदिर और जनता इस मंदिर के देवता हैं**

कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने की। डॉ. निर्वाणी राजनीति में अपने कार्य को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करना राष्ट्र की सेवा और आराधना से कम नहीं है गिरती हुई। राजनीतिग्यों की विश्वसनीयता में अगर कुछ जनप्रतिनिधि यह मान्यता स्थापित करने में सफल हों कि वो जनता के सेवक हैं और उन्हें अपने हिस्से की ईमानदारी निभानी है तो यह मां भारती की छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा होगी, और यही करना भी चाहिए। गज्जू वर्मा ने शाल श्रीफल देकर उपस्थित अतिथियों का अभिनंदन किया,महामाया मंदिर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लोकार्पण से ग्रामवासियों में हर्ष और खुशी का माहौल दिखा।

## ग्रापं केंवतरा व कुरुद के सरपंच एवं सचिव को सम्मान पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिले के चारो जनपद पंचायत में हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान का आयोजन 19 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक किया गया।

- जनपद स्तर में हुआ बेस्ट व्यक्तिगत व सामुदायिक शौचालय सम्मान समारोह
- हितग्राही और अन्य ग्राम पंचायतों के सरपंच- सचिवों का भी

मंगलवार को इस अभियान का समापन समारोह तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिले के चारों जनपद पंचायत के सभाकक्ष में बेस्ट व्यक्तिगत व सामुदायिक शौचालय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद स्तर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बेस्ट व्यक्तिगत शौचालय के हितग्राही को सम्मान पत्र प्रदान किया गया।




जनपद पंचायत साजा अंतर्गत बेस्ट व्यक्तिगत शौचालय में ग्राम पंचायत पेंड्रीकला के हितग्राही रुपलाल साहू, ग्राम पंचायत सेमरिया के श्रीमती उमा वर्मा एवं ग्राम पंचायत तेंदुआ के टेकराम को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में बेस्ट सामुदायिक शौचालय में ग्राम पंचायत केंवतरा एवं ग्राम पंचायत कुरुद के सरपंच एवं सचिव को सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में जनपद अध्यक्ष दिनेश वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत साजा प्रकाश मेश्राम एवं स्वच्छ भारत मिशन के विकासखण्ड समन्वयक एवं संकुल समन्वयक सहित हितग्राही एवं सरपंच/सचिव उपस्थित थे।

जनपद पंचायत बेमेतरा अंतर्गत बेस्ट व्यक्तिगत शौचालय में ग्राम पंचायत बहेरा (का) के हितग्राही कल्याणी बाई, पूर्णिमा बाई एवं लालपुर के लेखापाल को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में बेस्ट सामुदायिक शौचालय में ग्राम पंचायत बहेरा (का) एवं चंदनू के सरपंच एवं सचिव को जनपद पंचायत बेमेतरा के सभाकक्ष में उपस्थित अतिथियों के द्वारा सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**हितग्राही तुलसी, साधना फूलकुंवर हुईं सम्मानित**

इस अवसर पर जनपद पंचायत बेमेतरा अंतर्गत बेस्ट व्यक्तिगत शौचालय में ग्राम पंचायत खुड़मुड़ा के हितग्राही तुलसी देवांगन, ग्राम हतपान के साधना पनिका एवं ग्राम तबलघोर के हितग्राही फूलकुंवर सिन्हा तथा बेस्ट सामुदायिक शौचालय में ग्राम पंचायत ढाबा व ग्राम पंचायत भालेसर के सरपंच को सभाकक्ष में उपस्थित अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया।

इसी तरह जनपद पंचायत नवागढ़ के सभाकक्ष में ग्राम पंचायत घुरसेना के हितग्राही रम्भा साहू एवं ग्राम कौड़िया के रामकली बंजारे को बेस्ट व्यक्तिगत शौचालय के लिए उपस्थित अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया।

## किसानों के लिए धान खरीदी की हो बेहतर व्यवस्था

**नवागढ़।** प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के अंतर्गत नवागढ़ ब्लॉक के विभिन्न केंद्रों का जनपद पंचायत अध्यक्ष अंजली सतीश मार्कण्डेय ने निरीक्षण किया। उन्होंने बुंदेला, पुटपुरा, संबलपुर और गोड़ीकला सहित विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। धान खरीदी केंद्र के निरीक्षण के दौरान जनपद अध्यक्ष अंजली मार्कण्डेय ने किसानों की समस्याएं सुनी और उनसे बात की और कहा कि सरकार ने जो घोषणा की है उसके अनुरूप धान की खरीदी 3100 रुपये प्रति क्विंटल हो और किसानों को समय से बारदाना मिले। उन्हें भुगतान समय से मिले। अंजली ने कहा कि कांग्रेस संगठन धान खरीदी पर नजर रखेगा, अभी आगे खरीदी के दौरान लोगों की समस्याओं पर सब मिलकर आवाज उठाते रहेंगे। सरकार से कांग्रेस पार्टी आग्रह करेगी कि किसानों के लिए धान खरीदी की व्यवस्था बेहतर हो यह सुनिश्चित करें। इस दौरान जनपद सभापति राजेश्वरी निषाद, अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश मार्कण्डेय, रामबिहारी राजपूत, पोषन राजपूत, नारद राजपूत, परसराम राजपूत, रनबन सिंह राजपूत, पोशागिल सिंह, माधो सिंह, विजय दाउ, जीवन सिंह, शेखर सिंह, राजेन्द्र लोधी, राकेश, जितेन्द्र, साहेब दास, रामकुमार, देवेन्द्र वर्मा, ईश्वर लोधी, नारायण लोधी, भागवत, बालाराम, कल्याण, सुरेश, दौलतराम सहित कृषक उपस्थित थे।

- नवागढ़ जनपद पंचायत अध्यक्ष ने किया खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

## यातायात नियमों व वाहन चालकों की जिम्मेदारियों की कानूनी जानकारी दी




**बेमेतरा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, बेमेतरा में विश्व मानव अधिकार दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ न्यायाधीश निधि शर्मा, सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण ने व्याख्यान दिया। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित लोगों को विधिक सलाह और सेवाएँ कैसे प्राप्त की जा सकती हैं, इस पर विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही, मोटर व्हीकल प्रोटोकॉल, महिला सुरक्षा अधिनियम, और व्यक्तिगत मानव अधिकारों के बारे में भी जानकारी प्रदान की। कार्यशाला के दौरान वरिष्ठ न्यायाधीश निधि शर्मा ने मोटर व्हीकल प्रोटोकॉल के तहत यातायात नियमों, वाहन चालकों की जिम्मेदारियों, और दुर्घटना के मामलों में कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। इसके साथ ही, महिला सुरक्षा अधिनियम पर विशेष ध्यान देते हुए महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले कानूनों, जैसे घरेलू हिंसा अधिनियम, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के खिलाफ कानून आदि पर प्रकाश डाला। व्यक्तिगत मानव अधिकारों के अंतर्गत, उन्होंने नागरिकों के मौलिक अधिकार, जैसे कि जीवन का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, समानता का अधिकार, और सुरक्षा के अधिकारों के बारे में बताया। उन्होंने यह भी समझाया कि कैसे हर व्यक्ति इन अधिकारों का उपयोग कर सकता है और यदि किसी का अधिकार हनन हो तो कानूनी सहायता कैसे प्राप्त की जा सकती है। कार्यशाला में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षण अधिकारियों सहित कुल 51 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे। सभी ने मानव अधिकारों और उनके संरक्षण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की और उन्हें बेहतर ढंग से समझने का प्रयास किया।

- विश्व मानव अधिकार दिवस के अवसर पर हुआ कार्यशाला

## पिपरिया विद्यालय में मनाया गया धूमधाम से बाल मेला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शासकीय प्राथमिक शाला पिपरिया स्कूल में बाल मेला का आयोजन हुआ। जब भी गांव में खरगोश तिहार मनाया जाता है तो उसी दिन पिपरिया स्कूल में बाल मेला का आयोजन होता है। जिसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन होता है जैसे बच्चों द्वारा बहुत सारे स्टाल लगाना।

जिसमें खाने-पीने के समान के अलावा खेल एवं मनोरंजन के भी स्टॉल लगाया जाता है और उसमें बच्चों को किस तरह से पैसा कमाना है। यह सिखाया जाता है साथ ही बाल मेला में बच्चों द्वारा खेलकूद एवं विभिन्न संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन होता है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत पिपरिया युवराज साहू रहे और विशेष अतिथि के रूप में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरक साहू एवं जितेन साहू रहे बाल मेला में एक सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था। जो एक आकर्षण का केंद्र रहा। जिसमें पालक बच्चों शिक्षक सेल्फी लेकर सबको शेयर की और उसका आनंद लिया। पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन प्रधान पाठक डोगेंद्र वर्मा ने किया शाला के सभी शिक्षक कार्यक्रम में सहयोग प्रदान की। जिसमें प्रधान पाठक उत्तम साहू, खुमान साहू, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, गिरवर सिंह ध्रुव पोखन साहू, पूजा साहू ग्रामीण जनों में डॉ टेकराम साहू, गणेश राम साहू, जोहन साहू, कमलेश साहू, वेदराम साहू, जागृति साहू, टिकेश्वरी साहू एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित हुए कार्यक्रम की सफल आयोजन के लिए सभी ग्रामीणों ने प्रशंसा व्यक्त किया।

**क्षेत्रीय साहू समाज का सम्मान समारोह में शामिल हुए विधायक**

## 10 लाख के सीसी रोड़ निर्माण का विधायक ने किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

परिक्षेत्रीय एवं क्षेत्रीय साहू समाज द्वारा ग्राम जेवरी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। साहू समाज एवं सर्व समाज के वरिष्ठ नागरिकों का श्रीफल एवं साल भेंटकर विधायक दीपेश साहू के हाथों सम्मान किया गया।

**प्रधानमंत्री आवास के लिए छूटे लोगों को मिलेगा जल्द लाभ :** इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा कि विधानसभा चुनाव के पहले चाहे जो भी स्थिति रही हो, अपने पीएम मोदी की गारंटी पर विश्वास किया और छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाई और विष्णुदेव साय जी पर भरोसा जताया। छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए महिलाओं की खाते में 1000 पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय की नेतृत्व वाली सरकार में हम विकाश कार्य से कोई कमी आने नहीं देंगे। प्रधानमंत्री आवास के लिए जिनका भी नाम छूटा होगा उन्हें इनका लाभ जल्द मिलेगा। हमारे किसान भाइयों को 3100 रुपए की भाव की दर से धान खरीदी जा रहा है जिससे किसानों के चेहरे में स्पष्ट खुशी झलक रही है। उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को सलेंडर गैस प्रदान किया जा रहा है। कच्चा आवास को ध्यान में रखते हुए गरीब किसानों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्रदान किया जा रहा है। किसान सम्मान निधि के तहत साल 6 हजार किसान भाइयों को केंद्र सरकार द्वारा सीधे उनके खाते में ट्रांसफ़र किया जाने है जिससे 4 किसान खेती बाड़ी के दिनों में उनका उपयोग कर जरूरत के चीजों को पूरा कर रहे है।

इस दौरान झूमुख साहू परिक्षेत्रीय अध्यक्ष, लाल सिंह साहू, गिरधारी साहू, टीकाराम साहू, कोमल साहू, हेमकुमार साहू, संचालक जितेंद्र साहू, डोमन साहू, पंचराम डंडे सरपंच, योगेश साहू उपसरपंच, वेद प्रकाश साहू, राम सिंह साहू, दुलेश्वर साहू, मुक्तानंद साहू, नेतराम साहू, फल्गु साहू, माधव दास, मोहित साहू, झम्मनपुरी गोस्वामी, उत्तम कुमार, कुबेर, लक्ष्मी साहू, पुष्पा साहू, मोहित साहू, अशोक साहू, आनंद साहू एवं समस्त समाज के वरिष्ठ सामाजिक बंधु साहू समाज के पदाधिकारी ग्रामवासी उपस्थित थे।



**10 लाख के सीसी रोड़ निर्माण का भूमिपूजन**

कार्यक्रम के दौरान विधायक दीपेश साहू ने जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए समृद्धि बेमेतरा की उद्देश्य और ग्रामवासियों की मांग को पूरा करते हुए 200 मीटर सीसी रोड़ 5 लाख 20 हजार रुपए, बाजार चौक में 200 मीटर 5 लाख 20 हजार रूपये के सीसी निर्माण का भूमि पूजन किया गया। इस प्रकार कुल मिलाकर 10 लाख 40 हजार के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया। इस दौरान समाजनों की मांग पर 20 लाख के कर्मा भवन की घोषणा भी की।

